66

# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2025/ दिनांकः

## ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म में संशोधन हेतु आवश्यक सूचना

जैसा कि विदित ही है कि शैक्षणिक सत्र् 2024–25 की स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित छात्र अन्तर्गत NEP-2020) परीक्षा–2025 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म संबंधित परीक्षार्थियों द्वारा भरे जाना वर्तमान में प्रक्रियान्तर्गत है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में संज्ञान में आया है कि असंख्य नियमित परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म भरते समय उनके व्यक्तिगत/शैक्षणिक विवरण/विषय आदि दर्ज/अंकित करने में कतिपय कुछ त्रुटि हुयी है, अतः इन त्रुटियों के निवारणार्थ परीक्षा आवेदन फॉर्मो में निम्नानुसार संशोधन किये जा सकते हैः–

| | |
|---|---|
| नियमित **छात्र श्रेणी के अन्तर्गत** | संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्रवेशित छात्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज व्यक्तिगत छात्र विवरण एवं संबंधित विषय संयोजन के आधार पर अपने कॉलेज लॉगिन आई.डी. में निहित तकनिकी प्रक्रिया का उपयोग करके एक बार (One Time) परीक्षा आवेदन फॉर्म में ऑनलाईन संशोधन (Edit) करें, तत्पश्चात् पुनः मुद्रित (Reprinted) परीक्षा आवेदन फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय स्तर पर अन्य परीक्षा आवेदन फॉर्मो के साथ निर्धारित समय सीमा में विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। यह ऑनलाईन संशोधन सुविधा बिना अतिरिक्त शुल्क के One Time संशोधन के रूप में देय है, एक बार संशोधन किये जाने के पश्चात् पुनः संशोधन नहीं होगा। |

**नोटः–** छात्र/छात्राओं को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा आवेदन पत्र में अपनी लॉगिन आई.डी. चैक करे, यदि संशोधन उपरान्त कोई अतिरिक्त फीस बनती है तो Check Due में चैक कर Online Deposit करावे।

Sd.

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2025/ 103-115 दिनांकः 5/7/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. निदेशक/विभागाध्यक्ष, समस्त पी.जी. स्कूल्स/विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
4. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परिपत्र को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में समाचार के रूप प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
6. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक –द्वितीय/ सेलर–I,II/परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. संबंधित कम्प्यूटर फ़र्म को इस आशय के साथ कि ऑनलाईन परीक्षा आवेदन फॉर्म में ऑनलाईन संशोधन किये जाने हेतु संबंधित महाविद्यालयों/नियमित छात्र/छात्राओं को तत्काल तकनिकी सुविधा उपलब्ध करावाने का श्रम करें

Ashok

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**